# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** "मिशन शक्ति फेज- 5.0" महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण की नई दिशा"

□"मिशन शक्ति फेज-5.0: महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित "मिशन शक्ति अभियान-5" के पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में श्रेत्राधिकारी नगर श्री अरविन्द वर्मा नेतृत्व में प्रभारी महिला थाना श्रीमती नीलम देवी, महिला मुख्य आरक्षी लता त्रिपाठी एवं आरक्षी तिलकराज द्वारा राजकीय इण्टर कॉलेज कर्वी में, प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री श्रीप्रकाश यादव, महिला आरक्षी सोनम, महिला आरक्षी संयोगिता चौहान द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मानिकपुर में,उ0नि0 श्री बलवन्त सिंह,महिला आरक्षी श्रुतिका,महिला आरक्षी निशा, महिला आरक्षी अंजू द्वारा पंडित राजाराम उपाध्याय महाविद्यालय सूदिनपुर भरतकूप में, मुख्य आरक्षी आदित्य, महिला मुख्य आरक्षी परवीन, महिला आरक्षी आरती द्वारा पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज हरदीकलां थाना बरगढ़ में, महिला आरक्षी दीक्षा द्वारा सरदार पटेल इण्टर कॉलेज रैपुरा में इसी प्रकार जनपद समस्त एण्टीरोमियों टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं/बालिकाओ, छात्र/छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के सम्बन्ध में जाकरूक किया गया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण,स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम,निम्न आय वर्ग बस्तियों,गांवों,वार्डों,मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों,कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता,साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी,महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण,गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में

गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2).**श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ के आदेश के क्रम में थानों पर खड़े वाहनों के निस्तारण के रुप में Operation Clean के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राजकमल के पर्यवेक्षण में थाना परिसर पहाड़ी में खड़े 05 मोटर साइकिल लावारिस/जब्तशुदा की नीलामी की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी, जिसके क्रम में उप जिलाधिकारी सदर सुश्री पूजा साहू द्वारा दिनांक 19.09.2025 के माध्यम से दिनांक 23.09.2025 नियत की गयी जिसके क्रम में आज दिनांक 23.09.2025 को क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राजकमल , नायब तहसीलदार कर्वी श्री हिमांशु द्विवेदी, थानाध्यक्ष पहाड़ी श्री मती अनुपमा तिवारी एवं हे0मु0 शेषनारायण की उपस्थिति में नीलामी की कार्यवाही थाना पहाड़ी परिसर में शुरू की गयी, जिसमें बोली लगाने हेतु उपस्थित 05 व्यक्तियों के सामने नियमानुसार कार्यवाही करते हुए बोली प्रारम्भ की गयी। सभी 05 वाहनो की अन्तिम बोली सत्यनारायण पुत्र राजबहादुर निवासी बरद्वारा चांदी थाना राजापुर जनपद चित्रकूट द्वारा 12500/- रुपये बोली गयी जिसे अन्तिम रुप देते हुए कागजात तैयार कर वाहनों को अंतिम बोली दाता को सुपुर्द कर रूकसत किया गया। इस प्रकार थाना परिसर पहाड़ी में खडे 05 मोटर साइकिल वाहनों की नीलामी कार्यवाही पूर्ण की गयी ।

**(3).**श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के क्रम में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में अपर पुलिस अक्षीक्षक श्री सत्यपाल सिंह की उपस्थिति में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में जनपद के समस्त थानों में नियुक्त पैरवी का कार्य देख रहे पैरोकार तथा न्यायालय के कोर्ट मुहर्रिर के साथ गोष्ठी आयोजित की गई । पुलिस अधीक्षक द्वारा इस गोष्ठी में इस वर्ष में हुई पैरवी के कार्यों की समीक्षा एवं आगामी एजेन्डा बिन्दु थाना काजलिस्ट रजिस्टर, दिनांकवार काजलिस्ट रजिस्टर, साक्षी उपस्थित रजिस्टर, पर्चा फैसला रजिस्टर, रजिस्टर आरोप तय 313 सीआरपीसी, निर्गत सम्मन दर्ज करने हेतु रजिस्टर, रिमाण्ड रजिस्टर एवं सम्मन/वारण्टी रजिस्टर तैयाकर करने व प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को शीघ्र सजा दिलाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा शाखा सम्मन सेल द्वारा कार्यालय के अन्दर जनपद रजिस्टर/बाहर रजिस्टर में अंकित करके सम्बन्धित थानों की डाकबहियों में अंकित करके डाक पैरोकार के माध्यम से थानों में तामिल करने हेतु भेजे एवं सजा दिलाने हेतु पैरोकारों द्वारा बुलाए गये साक्षियों की शत् प्रतिशत साक्ष्य सुनिश्चित कराने हेतु,माननीय न्यायालय में साक्षियों के हस्ताक्षर कराने हेतु रजिस्टर रखने एवं उसमें हस्ताक्षर कराने हेतु कोर्ट मुहर्रिर को निर्देशित किया गया तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा समस्त पैरोकार एवं कोर्ट मोहर्रिरों को बैग,डाकपैड एवं स्टेशनरी वितरित की गयी।
इस दौरान सम्मन सेल प्रभारी उ0नि0 श्री ननकऊ गौतम, न्यायिक सम्मन सेल प्रभारी श्री एस0के0 त्रिपाठी, मॉनीटिरिंग सेल प्रभारी श्री प्रभुनाथ यादव, पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह, हे0का0 रामनारायन मॉनीटरिंग सेल एवं समस्त थानो को हे0का0 मुन्शी/का0 मुन्शी एवं पैरोकार उपस्थित रहे।

**(4).**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय श्रीमान उपजिलाधिकारी मानिकपुर चित्रकूट के पत्र संख्या - 2840/एसटी/एसडीएम/मानिकपुर/2024-25 दिनांक 22.09.2025 के अनुपालन के क्रम में थाना बहिलपुरवा जनपद चित्रकूट के प्रांगण में खडे लावारिस 06 वाहनों की नीलामी की कार्यवाही दिनांक 27.09.2025 को दिन शनिवार थाना बहिलपुरवा जनपद चित्रकूट में नायाब तहसीलदार मानिकपुर के समक्ष होगी। सार्वजनिक नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म पंजीयन शुल्क कार्यालय उप जिला मजिस्ट्रेट मानिकपुर चित्रकूट में विज्ञाप्ति प्रकाशन की तिथी दिनांक 26.09.2025 जमा कर शर्तो के अनुसार सार्वजनिक नीलामी में भाग ले सकते है।

**(5).** आज दिनांक 23.09.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा रिजर्व चित्रकूट पुलिस लाइन में आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को राष्ट्रीय कर्मयोगी कार्यक्रम के बारे में बताया गया।
पुलिस अधीक्षक द्वारा रिक्रुट आरक्षियों को बताया गया कि राष्ट्रीय कर्मयोगी कार्यक्रम एक राष्ट्रीय सिविल सेवा क्षमता निर्माण कार्यक्रम (एनपीसीएससीबी) है जिसका उद्देश्य भारतीय नौकरशाही में सुधार लाना, शासन को बेहतर बनाना और भविष्य के लिए एक सक्षम, नागरिक-केंद्रित सिविल सेवा का निर्माण करना है. यह 'मिशन कर्मयोगी' के नाम से भी जाना जाता है और सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों को निरंतर सीखने, सहयोग करने और अधिक सक्रिय, प्रौद्योगिकी-सक्षम बनने के लिए प्रोत्साहित करता है।
मुख्य उद्देश्य
क्षमता निर्माण:- सिविल सेवकों के ज्ञान, कौशल और योग्यताओं में वृद्धि करना ताकि वे बदलती अर्थव्यवस्था और नागरिकों की अपेक्षाओं को पूरा कर सकें।
शासन में सुधार:- सिविल सेवाओं में सुधार के माध्यम से समग्र शासन को बेहतर बनाना।
iGOT कर्मयोगी प्लेटफॉर्म:- यह एक मजबूत डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो ऑनलाइन, आमने-सामने और मिश्रित शिक्षण को सक्षम बनाता है।
सामग्री बाज़ार: शीर्ष संस्थानों से क्यूरेटेड, उच्च-गुणवत्ता वाली ई-लर्निंग सामग्री उपलब्ध कराना।
समुदायिक सहभागिता: अधिकारियों के बीच चर्चा और नेटवर्किंग को बढ़ावा देना।
प्रशिक्षण मानक: क्षमता निर्माण आयोग (सीबीसी) प्रशिक्षण मानकों में सामंजस्य स्थापित करेगा और सभी केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थानों पर एक पर्यवेक्षी भूमिका निभाएगा।
इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक श्री रामाशीष यादव,प्रभारी निरीक्षक आरटीसी श्री प्रदीप कुमार,पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह,एसआई श्री संदीप पटेल व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारगण उपस्थित रहें।

**(6).** आज दिनाँक 23.09.025 को अन्तर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुलिस लाइन चित्रकूट स्थित कान्हा सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम में अखिल उत्तर प्रदेश बधिर संस्था के वाइस प्रेसीडेण्ट श्री अदनान खान एवं जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय से 1. श्री चन्द्रमणि त्रिपाठी 2. श्री ओमद कुमार तिवारी 3. श्री राजवीर सिंह 4. श्री कलावती 5. सीमा तिवारी 6. श्रद्धा शुक्ला ISL द्वारा पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों एवं आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को सांकेतिक भाषा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य मूक बधिर लोगों के मानवाधिकारों को साकार करने में सांकेतिक भाषा के महत्व के बारे में जागरुकता बढ़ाया जाना है। इस वर्ष का विषय - "सांकेतिक भाषा के अधिकारों के बिना कोई मानवाधिकार नहीं" - मूक बधिर व्यक्तियों के लिए समानता, समावेशन और गरिमा सुनिश्चित करने में सांकेतिक भाषा की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देता है तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशिक्षण में

मौजूद पुलिस कर्मियों/रिक्रूट आरक्षियों को सांकेतिक भाषा का पुलिस कार्यवाही में कैसे प्रयोग किया जाए के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।
इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविन्द्र कुमार वर्मा,प्रतिसार निरीक्षक श्री रामाशीष यादव,प्रभारी निरीक्षक आरटीसी श्री प्रदीप कुमार,पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

**(7).**आज दिनांक 23.09.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह द्वारा पुलिस लाइन में मंगलवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया तथा स्वास्थ्य के लाभ के लिए परेड से दौड़ लगवायी गयी। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिसकर्मियों की ड्रिल का निरीक्षण किया बाद निरीक्षण बारी - बारी ड्रिल करवाकर ड्रिल व शस्त्रों के बारे में बताया गया साथ ही जेटीसी कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को प्रशिक्षण में अनुशासन बनाए रखने हेतु आवश्यक आदेश निर्देश दिए तत्पश्चात पुलिस लाइन का भ्रमण कर क्वार्टर गार्द में सलामी ली गई तथा परिवहन शाखा, बैरिक, सीपीसी कैन्टीन,पुलिस मेस,स्टोर रूम का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक को जल्द से जल्द सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। तत्पश्चात महोदय द्वारा कर्मचारीगणों को अर्दली रुम किया गया।
परेड के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविन्द कुमार वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक श्री राम शीष यादव,प्रभारी निरीक्षक आरटीसी श्री प्रदीप कुमार उपस्थित रहें।